दिन– शनिवार दिनांक– 09 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा दो अगस्त को संवाददाता सम्मेलन के दौरान दिखाए मतदाता पहचान पत्र को फर्जी घोषित किया है। दीघा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अनुबंधन अधिकारी–ईआरओ ने तेजस्वी यादव को सोलह अगस्त की शाम पांच बजे तक इस मतदाता पहचान पत्र को आयोग कार्यालय में जमा कराने का निर्देश दिया है। ईआरओ ने पत्र जारी करके कहा है कि तेजस्वी यादव द्वारा प्रदर्शित मतदाता पहचान पत्र की गहन जाँच की गई है। उन्होंने कहा कि आयोग ने इस पहचान पत्र संख्या वाला कोई मतदाता पहचान पत्र जारी नहीं किया है और यह फर्जी है। ईआरओ ने पहले इस मामले में तेजस्वी यादव को दो नोटिस जारी करके संबंधित मतदाता पहचान पत्र जमा करने का निर्देश दिया था, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद ही यह कार्रवाई की गई है।

———————————————————————

रेलवे ने राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत यात्रियों को वापसी यात्रा पर बीस प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस योजना के तहत छूट तब लागू होगी जब जाने की और वापसी की, दोनों यात्राओं के लिए एक ही यात्री–समूह के लिए टिकट बुक किए जाएंगे। रेल मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के तहत बुक टिकटों पर किराया लौटाया नहीं जाएगा। इस योजना के तहत तेरह अक्तूबर की अवधि के लिए बुकिंग इस महीने की चौदह तारीख से शुरू होगी। वापसी यात्रा के टिकट बुक करते समय साठ दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी।

———————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने झारखंड को पटना जोन से अलग कर दिया है। वर्ष दो हजार छब्बीस में होने वाली दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षा अलग–अलग जोन स्तर पर आयोजित होगी। शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस की बोर्ड परीक्षा में पटना जोन में केवल बिहार के विद्यार्थी ही शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में पटना जोन में बिहार के एक हजार तीन सौ तीस और झारखंड के छह सौ नब्बे स्कूल पंजीकृत है।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मानूसन की सक्रियता के कारण बारिश की परिस्थितियां बनी हुई हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में सबसे अधिक पटना के फतुहा में एक सौ पांच दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। विभाग के अनुसार आज पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, सीवान, और किशनगंज जिले के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। वहीं, राज्य के उत्तरी भाग के जिलों के एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की सम्भावना है।

———————————————————————

भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा खुशहाली की कामना करती हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों की सुरक्षा और उन्हें सहयोग का संकल्प लेते हैं। इधर, रक्षा बंधन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश और प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वन विभाग रक्षाबंधन के पर्व को वृक्ष सुरक्षा दिवस के रूप में मना रहा है। इसके लिये वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर जीवन भर सुरक्षा का संकल्प लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित इको पार्क में वृक्ष को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

———————————————————————

रक्षाबंधन के अवसर पर आज और कल दो दिन तक बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में महिलाओं और छात्राओं के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। यह सुविधा आज सुबह से शुरू हो गयी है, जो कल रात तक जारी रहेगी। निगम के अनुसार इसमें पिंक, साधारण, डिलक्स और नगर सेवा की बसें भी शामिल हैं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।